# ट्रक की चपेट में 2 गंभीर घायल



## रुख्मिणी नगर के पास हादसा

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 फरवरी-** रुख्मिणी नगर से हमालपुरा मार्ग पर बुधवार की शाम एक भीषण दुर्घटना हुई. हालांकि इस दुर्घटना में किसी की जान नहीं गई, लेकिन एक्टिवा चालक ट्रक के सामने के पहिये में आकर घसीटा गया. जिससे एक्टिवा चालक कार्तिक दिगांबर मुधोलकर (27, वडरपुरा) गंभीर घायल हुआ. ट्रक ने पैदल जा रहे एक युवक को भी टक्कर मारी. जिससे नितिन बाबुराव वासनिक (35, हमालपुरा) जख्मी हो गया. दोनों को जिला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

### ट्रक छोड़कर चालक फरार

राजापेठ पुलिस सूत्रों के अनुसार ट्रक (एमएच-04/एफटी-3486) हमालपुरा की ओर जा रहा था. जबकि एक्टिवा (एमएच-27/टीजी-2602) का चालक कार्तिक मुधोलकर रुख्मिणी नगर में बियर शॉपी से निकलकर हमालपुरा की ओर बढ़ रहा था. ठीक इसी समय ट्रक के सामने के पहिये में एक्टिवा घसीटी गई. जिसके कारण कार्तिक के चेहरे, हाथ, कमर, पेट और जांघ की चमड़ी उधड़ गई है. इसी दुर्घटना के दौरान पैदल जा रहे नितिन वासनिक को भी ट्रक चालक ने टक्कर मार दी. जिससे नितिन के नाक, होठ और दाहिना पैर फ्रेक्चर हो गया. दुर्घटना के बाद चालक ट्रक वहीं पर छोड़कर फरार हो गया. राजापेठ पुलिस के अनुसार यह खाली ट्रक मसानगंज निवासी प्रेमचंद गुप्ता का बताया जाता है.

# ऑटो पेड़ से टकराया, 5 यात्रि जखमी



**उज्ज्वल अग्रवाल/प्रतिदिन अखबार , 22 फरवरी**
**परतवाड़ा-** अचलपुर-रासेगांव मार्ग पर 20 फरवरी को प्रवासी ऑटो चालक ने वाहन पर नियंत्रण खोने से हुए हादसे में ऑटो में बैठे पांच यात्रि जख्मी हो गये. इनमें से एक वृद्ध यात्रि के पांव पर गंभीर चोटे लगी है. अन्य लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया है. इस ऑटो में रासेगांव के अंजली भागवतकर, कदीर शाह चांद शाह, मेहमुबी चांद शाह, उषा बावने, चौसाला के वृषाली नांदणे यह पांच यात्रि सफर कर रहे थे. इसी दौरान अचानक ऑटो चालक ने वाहन का नियंत्रण खोने से ऑटो रास्ते के किनारे स्थित पेड़ से जा टकराया. यहां पर रास्ते से जाने वाले नागरिकों ने तत्काल मदत के लिए दौड़ लगाई और जख्मी लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया. सरमसपुरा पुलिस ने इस दुर्घटना के बारे में मामला दर्ज किया है.

# बाइक गड्ढे में गिरने से युवक की मौत

## होटल आदित्य के समीपस्थ गड्ढा बना जानलेवा



### वडगांव माहोरे फाटा पर घटना

**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**नांदगांव पेठ, 22 फरवरी-** वैवाहिक कार्य के लिए अपने बहन के घर जा रहे भाई की दुपहिया गड्ढे में गिरने से उसकी जगह पर ही मौत हो गयी. यह घटना बुधवार 22 फरवरी को रात 8 बजे के दौरान वडगांव माहोरे फाटा पर होटल आदित्य के समीप हुयी. सचिन बाबुराव सुरजुसे (25, मंगरू ल चव्हाला) यह इस घटना के मृतक युवक का नाम है. इस घटना से गांव में सर्वत्र शोक की लहर है. वडगांव माहोरे फाटे पर बना हुआ यह गड्ढा अनेकों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है.

सचिन सुरजुसे की बहन वडगांव माहोरे में रहती है. गुरुवार को बहन के देवर का विवाह है, उस विवाह में उपस्थित रहने सचिन सुरजुसे अपनी बाइक क्र. एमएच-27/वीवाई-7803 से वलगांव माहोरे जाने निकला. रात 8 बजे के दौरान सचिन होटल आदित्य के नजदीकी वडगांव माहोरे फाटे से जाते समय वहां मौजूद गड्ढे में उसकी दुपहिया गिर गयी और वह गंभीर घायल हो गया. अंधेरा रहने से साथ ही रात के समय में आवागमन नहीं रहने से काफी समय तक पड़ा रहने के कारण उसके शरीर से बहुत प्रमाण में रक्त बह गया और उसकी जगह पर ही मृत्यु हो गई. कुछ नागरिकों को सचिन गिरी हुयी हालात में दिखते ही उन्होंने तुरंत नांदगांव पेठ पुलिस को घटना की जानकारी दी व उसे जिला सामान्य अस्पताल में पहुंचाया. लेकिन जांच के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया.

# संभागीय आयुक्त डॉ.पांढरपट्टे की निवृत्ति 28 को

## राजस्व विभाग को पुनः एक नये अधिकारी का वेध

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 फरवरी-** संभागीय आयुक्त डॉ.दिलीप पांढरपट्टे मंगलवार, 28 फरवरी को निवृत्त हो रहे है. राजस्व विभाग को पुनः एक नये अधिकारी का वेध लगा है. डॉ.पांढरपट्टे ने 23 जुलाई 2022 को अमरावती के संभागीय आयुक्त का पदभार स्वीकारा था. उसके अनुसार मात्र 7 माह 5 दिन का समय पूर्ण कर वे इस पद से निवृत्त हो रहे है. मराठी भाषा के उत्कृष्ठ जानकार, साहित्यिक और संगीत प्रेमी के तौर पर वे परिचित है. वे खुद उत्कृष्ठ गजलकार है, गजलनवाज भीमराव पांचाळे उनकी गजलों का गायन किया है. संभागीय आयुक्त के तौर पर सूत्र स्वीकारने के पूर्व वे सूचना तथा जनसंपर्क महासंचालनालय के सचिव तथा महासंचालक भी थे. इसलिए प्रसार माध्यमों से उनका नजदीकी संबंध आया है, इस क्षेत्र में भी वे बहुत सुविख्यात है.



डॉ.पांढरपट्टे के नेतृत्व में हाल ही में राजस्व विभाग ने विधान परिषद के अमरावती संभागीय स्नातक चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण की. उनके कार्य समय में राज्य के उपमुख्यमंत्री तथा जिले के पालकमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में जिला नियोजन समिति की 2 बैठकें भी संपन्न हुयी है. बुधवार, 22 फरवरी को वे अहमदनगर जिले में आयोजित राजस्व परिषद के लिए रवाना हो चुके है. वहां पूरे राज्य के जिलाधिकारी तथा संभागीय आयुक्त उपस्थित है. सूत्रों ने दी हुई जानकारी के अनुसार निवृत्ति के पश्चात डॉ.पांढरपट्टे को एक बडी जिम्मेदारी शासन द्वारा दी जानेवाली है, लेकिन वह जिम्मेदारी निश्चित कौनसी, इसका खुलासा उनकी निवृत्ति के दिन ही किया जाएगा, ऐसा सूत्रों ने बताया.

### अमरावती में निवृत्त होनेवाले द्वितीय प्रशासकीय अधिकारी

डॉ.दिलीप पांढरपट्टे यह अमरावती में निवृत्त होनेवाले नजदीकी समय के द्वितीय प्रशासकीय अधिकारी है. इसके पूर्व ज्ञानेश्वर राजुरकर यह इसी स्थान पर अपना कार्यकाल पूर्ण कर निवृत्त हुए थे. राजुरकर यह अमरावती जिले के राजूरवाडी गांव के मूल निवासी है.

# हिन्दू-मुस्लिम एकता के लिए 'इंसानियत बचाओ' रैली



**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 फरवरी-** हिंदुस्तान में अमन और शांति का माहौल खत्म होता होता नजर आ रहा है. मजहबी विवाद के चलते एक समाज दूसरे समाज से दिन-ब-दिन दूर हो रहा है. इस बात से आहत होकर अल इंसाफ पब्लिक फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष मुफ्ती सालिम ने 19 फरवरी से इंसानियत बचाओ रैली की नागपुर से शुरूआत की है. रैली के माध्यम से वे नागपुर से लेकर मुंबई तक सफर करेंगे और इस सफर में नागपुर से लेकर जितने छोटे-बड़े तहसील और शहर आते हैं, इन जगहों पर जाकर इंसानियत और आपसी भाईचारे का संदेश दे रहे हैं. इसी संदेश को लेकर वह बुधवार की दोपहर 12 बजे बडनेरा जुनी बस्ती स्थित हजरत अलमासा गेट के पास पहुंचे. उनके पहुंचते ही एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. सर्वप्रथम उनका स्वागत किया गया. इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक मोहम्मद इमरान, अब्दुल मोबिन अब्दुल रशीद, शेख नूर शेख बिस्मिल्लाह, अयूब खान, शिवसेना जिला प्रमुख सुनील खराटे, अब्दुल सत्तार पहलवान, रऊफ खान उपस्थित थे. मंच पर उपस्थित सभी मान्यवर ने देश के मौजूदा हालात एवं हिंदू मुस्लिम भाईचारे के संदर्भ में अपने-अपने संदेश दिए कार्यक्रम के अंत में 'इंसानियत बचाओ हिंदू मुस्लिम नफरत हटाओ' यह नारा देते हुए मुफ्ती सालिम ने अपने विचार व्यक्त किए. उन्होंने दौरे हाल में इस बात पर जोर दिया कि सभी समाज के लोगों में एकजुटता होनी चाहिए जिससे हमारा देश प्रगति करेगा. यदि हम लोगों में आपसी मतभेद रहा तो हमारे देश में अमन और शांति कभी नहीं आएंगी. इसके लिए हमें जरूरत है कि कुछ समाज कंटक जो समाज में जात-पात का मुद्दा बनाकर आपसी मतभेद बढ़ा रहे हैं. उनसे दूरी बनाए और इंसानियत का नारा देते हुए उन्होंने जोरदार अपील की. पहले हमे इंसाफ देने वाला बनना होगा तब ही हमें इंसाफ मिलेगा और इसके लिए हमें अपने घर से शुरूआत करनी पड़ेगी. इंसानियत बचाओ रैली 19 फरवरी से नागपुर से शुरू होकर मुंबई में समाप्त होंगी. कार्यक्रम का मंच संचालन रहमत खान ने किया. कार्यक्रम के अंत में मुफ्ती सालिम सहित सभी मान्यवरों ने जनता से विचार विमर्श किया. जुनी बस्ती वासियों ने मुफ्ती सालिम को उनके सराहनीय कार्य के लिए शुभकामनाएं देकर विदाई दी.

# चना खरीदी शुरू करो, अन्यथा तीव्र आंदोलन



**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**धामणगांव रेलवे, 22 फरवरी-** केंद्र सरकार द्वारा घोषित एमएसपी किसानों को मिलने के लिए तत्काल चना पंजीयन शुरू कर सरकारी चना खरीदी प्रारंभ करें. इस मांग को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और किसानों ने बुधवार को तहसील कार्यालय पर दस्तक दी. तहसीलदार शेख वसीमा को अपनी मांगों का निवेदन सौंपा. किसानों के लिए तत्काल चना पंजीयन व खरीदी शुरू नहीं करने पर तीव्र आंदोलन की चेतावनी दी.

### पिछले वर्ष 22 फरवरी तक 3 हजार क्विंटल हुई थी खरीदी

कांग्रेस के अनुसार पहले ही आसमानी और सुलतानी संकट के कारण बड़े पैमाने पर किसानों की फसल चौपट हुई है. जिससे किसान आर्थिक संकट में घिरे है. खरीफ में फसल क्षति के बाद किसानों की उम्मीदें रबी सफल से टिकी है. जिसके अनुसार किसानों का चना कृषि उत्पन्न बाजार समिति में बेचने को आना शुरू हो गया है. जिसके बावजूद किसानों को केंद्र सरकार द्वारा घोषित एमएचपी 5 हजार 300 रुपए प्रति क्विंटल के दाम अभी तक नहीं मिल पा रहे. शासकीय चना खरीदी शुरू नहीं हो पाई है. वास्तविकता में पिछले वर्ष 22 फरवरी 2022 तक 3 हजार क्विंटल चना पंजीयन नाफेड़ के पास हो चुकी थी,लेकिन इस वर्ष अभी भी सरकारी चना खरीदी को लेकर सरकार ने कोई आदेश जारी नहीं किये है. जिसके कारण किसानों में जबरदस्त रोष देखा जा रहा है. क्योंकि सरकारी खरीदी शुरू नहीं हो पाने के कारण किसानों को अपना चना निजी व्यापारियों को बेचना पड़ रहा है. यदि सरकारी खरीदी जल्द शुरू नहीं की गई तो तीव्र आंदोलन की चेतावनी कांग्रेस कमेटी की ओर से निवेदन में दी गई है. निवेदन सौंपने वाले कांग्रेस के पदाधिकारियों ने अमरावती जिला सहकारी बैंक के संचालक श्रीकांत गावंडे, तहसील कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज वानखड़े, शहराध्यक्ष प्रदीप मुंधड़ा, शहर कार्याध्यक्ष चंदू डहाणे, पंचायत समिति के पूर्व सभापति सुरेश रामगुंडे, पूर्व जिला परिषद सदस्य मोहन पाटिल, घुसळीकर, दत्तापुर शेतकी खरीदी बिक्री संघ के संचालक सुनील भोगे, तहसील युवक कांग्रेस अध्यक्ष ऋषि जगताप, शहर युवक कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आशीष शिंदे, निवृत्ति वैद्य, संजय दूबे, विलास चौधरी, रवींद्र जूनेवाल, सुधाकर उइके, वृत्तिक इंगले, कैलास उइके, शुभम चौबे, प्रतीक भोंगे, वैभव पावडे, प्रफुल्ल भोगे, ओमप्रकाश हरवानी, संतोष पळसापुरे, सुरेश जुनघरे, कैलास उरकुडे, सुनील निस्ताने, जय तुपसुंदरे, शुभम तरोणे, घनश्याम चांडक, उमेश झिंबळ समेत असंख्य किसान प्रमुख रूप से उपस्थित थे.

### कांग्रेस का तहसीलदार को निवेदन

# मेलघाट में 108 से 2 प्रसूताओं को जीवनदान



**संवाददाता/प्रतिदिन अखबार**
**धारणी, 22 फरवरी-** फरवरी माह में लगातार दो बार 108 क्रमांक की एम्बुलेन्स की सहायता से 2 प्रसूताओं को ना केवल जीवनदान मिला, बल्कि अत्यंत गंभीर अवस्था में भी सफल प्रसूति करवाई. डॉ.वर्धमान लांडगे की सामाजिक सेवा के लिए भी आदिवासियों में एक विशेष स्नेह बन गया है.

### क्रीटिकल प्रसूति की, जच्चा-बच्चा सुरक्षित

मेलघाट के दुर्गम क्षेत्र में बसे कामापुर और मड़की में अति गंभीर अवस्था में क्रमशः सौ.पल्लवी अखंडे और सौ.शांता अक्षय शेवलेकर की क्रीटिकल प्रसूति डॉ.वर्धमान लांडगे ने हाईरिस्क में भी सफलता के साथ की. इस तरह उन्होंने अपना एक आदर्श स्थापित किया. ऐसी अनेक घटनाएं 108 के कारण होने से जच्चा-बच्चा सकुशल रहा है. उल्लेखनीय है कि सौ.पल्लवी की स्थिति अति गंभीर होने पर भी घर में 108 यूनिट ने उसकी प्रसूति की. जिसके बाद उसे सलोना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया. इसी तरह मड़की में सौ.शांता शेवलेकर की भी घर में ही प्रसूति कर उसे आगे के इलाज के लिए अचलपुर उपजिला अस्पताल रेफर किया गया. केवल एक फोन कॉल पर दोनों जगह पहुंचकर अपनी सेवा देकर डॉ.वर्धमान लांडगे ने आदर्श स्थापित किया है.

### डॉ. लांडगे की उत्कृष्ट सेवा

# गोवर-रुबेला उन्मूलन हेतु विशेष टीकाकरण अभियान

## अति. निगमायुक्त देवीदास पवार के मार्गदर्शन में आयोजन | समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक निर्देश



**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 फरवरी -** अमरावती महानगरपालिका ने अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में गोवर-रूबेला को नियंत्रित करने के लिए योजनाबद्ध कदम उठाए हैं. अपर आयुक्त देवीदास पवार के मार्गदर्शन में शेष फरवरी माह में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा. अभियान नियोजन के लिए अपर आयुक्त देवीदास पवार की अध्यक्षता में 22 फरवरी को सुबह 11 बजे टीकाकरण कार्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई.

इस बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विशाल काले, महिला एवं बाल कल्याण अधिकारी नरेंद्र वानखड़े, टास्क फोर्स के सदस्य रहे बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कौस्तुभ देशमुख, चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रतिभा अत्राम, पीडीएमएमसी की अटेंडेंट प्रीति खानजोड़े, खेल निरीक्षक शिक्षा एवं खेल विभाग के प्रतिनिधि प्रवीन ठाकरे, चिकित्सा अधिकारी डॉ. मानसी मुरके, डॉ. मनोज मुंधड़ा, डॉ. संदीप पाठबागे, डॉ. मनीषा अग्रवाल, डॉ. स्वाति कोवे, डॉ. वैशाली मोटघरे, डॉ. विशाखा कोठेकर, डॉ. आकिब अहमद, डॉ. निगार खान, डॉ. सचिन भलावी, डॉ. तुषार पोहनकर, पीडीएमएमसी स्टाफ की नर्स सोनम मेश्राम, उमा जाधव, प्रतिभा थोरात, प्राची गुल्हाने, साजिद खान, अशब अहमद, पूर्व सभापति शिक्षा ए. राजिक ए. रज्जाक उपस्थित रहे.

बैठक में विश्व स्वास्थ्य संगठन के सर्वे मेडिकल ऑफिसर डॉ. एस. आर. ठोसर ने गोवर और रूबेला उन्मूलन के लिए गोवर-रूबेला विषय पर जानकारी दी. चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विशाल काले ने शहर में मीजल्स-रूबेला रोग को लेकर वर्तमान स्थिति और विशेष संकल्प अभियान की जानकारी दी और बताया कि जनजागरुकता के लिए प्रत्येक अस्पताल में उक्त अभियान के संबंध में प्रशिक्षण, तख्तियां, रैलियां, सभा, अभिभावक बैठक आदि आयोजित करने की योजना बनाई गई है. गोवर-रूबेला उन्मूलन के लिए एक माह से 5 वर्ष तक के गैर-टीकाकृत बच्चों का टीकाकरण एवं मीजल्स-रूबेला से पीड़ित बच्चों को 28 दिन के बाद टीके की खुराक देने के लिए सरकार के दिशा-निदेर्शों के अनुसार विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा. अभियान का लक्ष्य उन लोगों को टीका लगवाने के लिए प्रोत्साहित करना है जिन्होंने टीके की मात्र 1 ही खुराक प्राप्त की है. जिसके तहत गैर-प्रकोपी क्षेत्रों में टीके से वंचितों को मीजल्स-रूबेला की पहली और दूसरी खुराक दी जाएगी. उसी प्रकार प्रकोप वाले क्षेत्रों में टीके की अतिरिक्त खुराक दी जाएगी.

मनपा क्षेत्र अंतर्गत एक अतिरिक्त टीकाकरण अभियान की योजना बनाई गई है और टास्क फोर्स की बैठक में 1 माह से 5 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों को पहली खुराक और दूसरी खुराक देने की कार्य योजना प्रस्तुत की गई. अतिरिक्त आयुक्त देवीदास पवार ने स्वास्थ्य विभाग को टीकाकरण के लिए अतिरिक्त शिविर लगाने और अभियान को क्रियान्वित करने के निर्देश दिए है. इनकी पूरी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की होगी. उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक अन्य क्षेत्र में शिविर आयोजित किये जाने चाहिए. कोई भी बच्चा इस टीकाकरण से वंचित न रहे. टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा यह सुझाव दिया गया है कि उक्त विशेष टीकाकरण अभियान का विभिन्न मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और तद्नुसार स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है.

### क्या है मीजल्स-रूबेला ?

गोवर-रूबेला एक संक्रामक और जानलेवा बीमारी है. जो ज्यादातर बच्चों को होती है. रूबेला संक्रमण गर्भवती महिलाओं में गर्भपात या जन्म दोष का कारण बनता है. इसलिए यह टीकाकरण अभियान हर जगह लागू किया जाएगा. आयुक्त पवार ने नगर क्षेत्र के 9 माह से 5 वर्ष के बीच के बालक एवं बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण अभियान सफल बनाने तथा सावधानी पूर्वक नियोजित करने के निर्देश दिए हैं.

# परलाम के डाक घर में चोरी

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 फरवरी-** परलाम के डाक घर में 20 से 21 फरवरी की मध्यरात्रि चोरी हो गई. चोरों ने डाक घर के दरवाजे का ताला तोड़कर शासकीय कामकाज के लिए लाकर रखी गई इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, डिवाइज बॉक्स, स्वाइप मशीन और केबल समेत 2 हजार 700 रुपए का माल चुरा लिया. डाक पाल प्रवीण प्रल्हादराव तिरमारे (39) की शिकायत पर बडनेरा पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

# 200 रुपए के लिए ईंट मारी

**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 फरवरी-** बडनेरा थाना क्षेत्र के आठवड़ी बाजार स्थित शिवाजी चौक में 200 रुपए के लिए आरोपी गणवीर ने फिर्यादी गोपाल बड़गे (65) के सिर पर ईंट दें मारी. घटना 21 फरवरी को सुबह 10.30 बजे हुई. फिर्यादी गोपाल बड़ने ने बडनेरा पुलिस को बताया कि नई बस्ती के मील चाल निवासी गणवीर को 200 रुपए उधार दिए थे. यह रकम वापस मांगने पर आरोपी ने उसके साथ झगड़ा कर उसके सिर पर ईंट दें मारीं.

# महिला अधिकार रक्षण हेतु लैंगिक समानता आवश्यक



**प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार**
**अमरावती, 22 फरवरी -** लैंगिक समानता पुरुष विरोधी नहीं है. मनुष्य के रूप में महिलाओं के प्राकृतिक अधिकारों को संरक्षित करने और असमानता को खत्म करने के लिए लैंगिक समानता आवश्यक है, ऐसा प्रतिपादन 'सम्यक' संस्था की वरिष्ठ प्रशिक्षक दर्शना पवार ने किया. महिला आर्थिक विकास निगम (माविम) द्वारा नव तेजस्विनी पहल के तहत पुरुष प्रशिक्षकों के लिए लैंगिक समानता जागरूकता विकास कार्यशाला बुधवार को डॉ. पंजाबराव देशमुख प्रशिक्षण प्रबोधिनी में आयोजित की गई. इसमें मार्गदर्शन करते हुए पवार ने लैंगिक समानता के विषय पर जोर देते हुए उपरोक्त बात कही.

प्रबोधिनी कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रशिक्षक दीपक अभ्यंकर, संत गाडगेबाबा अमरावती विश्वविद्यालय महिला अध्ययन केंद्र के सहायक प्राध्यापक प्रा. भगवान फालके, समाजसेवी सुचिता बर्वे, जिला सूचना अधिकारी हर्षवर्धन पवार, माविम के जिला समन्वय अधिकारी सुनील सोसे आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे. भगवान फालके ने कहा कि व्यक्ति के सोचने का तरीका और दृष्टि उसके व्यवहार को प्रभावित करती है. इस दौरान सभी गणमान्यों ने भाषण दिए. अर्चना खांडेकर, प्रीति भैसे, शिल्पा मारोटकर, मोना दुबे, शारदा सातंगे, स्वाति चव्हाण आदि आयोजन की सफलता के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं. इस कार्यशाला में 24 फरवरी तक 'सम्यक' संस्था के प्रशिक्षक दर्शना पवार और दीपक अभ्यंकर मार्गदर्शन करेंगे.

### प्रशिक्षक दर्शना पवार का प्रतिपादन

# अडानी को लगा तगड़ा झटका

# एक झटके में डूबे 50 हजार करोड़ रुपए




**दिल्ली -** संकट में फंसे अडानी ग्रुप के सभी शेयरों में बुधवार को भारी गिरावट आई. नतीजतन, समूह के निवेशकों को एक झटके में 50,000 करोड़ रु. का घाटा हो गया. 24 जनवरी को निगेटिव रिपोर्ट आने के बाद अडानी ग्रुप के शेयरों में हलचल मच गई है. तब से ग्रुप का मार्केट कैप 11.62 लाख करोड़ रुपए से 60% गिरकर 7.58 लाख करोड़ रुपए हो गया है. फोर्ब्स की रीयल-टाइम अरबपतियों की सूची के अनुसार, समूह के अध्यक्ष ग.तम अडानी की संपत्ति बुधवार को 6.2 अरब डॉलर या 12.48% गिर गई. अब उनकी नेटवर्थ घटकर 43.4 अरब डॉलर रह गई है अ.र वह दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में 26वें स्थान पर हैं. उन्हें इस साल अब तक करीब 75 अरब डॉलर का नुकसान हो चुका है.

### पांच शेयरों ने निचले सर्किट को छुआ

हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट से पहले वह दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में तीसरे स्थान पर थे. समूह की प्रमुख कंपनी अडानी इंटरप्राइजेज में बुधवार को सबसे अधिक 10.43% की गिरावट आई. बीएसई (इरए) पर यह 163.55 रुपये की गिरावट के साथ 104.85 रुपये पर बंद हुआ. इसका 52 हफ्ते का हाई 4,189.55 रुपये था. यह स्तर पिछले साल 21 दिसंबर को पहुंचा था. साथ ही समूह के पांच शेयरों ने निचले सर्किट को छुआ. इनमें अदानी ट्रांसमिशन, अदानी टोटल गैस, अदानी विल्मर, अदानी ग्रीन अ.र अदानी पावर शामिल हैं.

### अडानी टोटल गैस के शेयरों में अब तक सबसे ज्यादा गिरावट

अडानी ग्रीन एनर्जी का शेयर 28.35 रुपये की गिरावट के साथ 539.30 रुपये पर बंद हुआ. यह इसका 52 हफ्ते का निचला स्तर है. अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन के शेयर 6.25% या 36.5 रुपये की बढ़त के साथ 546.85 रुपये पर बंद हुए. इसका 52 हफ्ते का हाई 987.90 रुपए है. अदानी पावर के शेयर पिछले कुछ दिनों से अपर सर्किट छू रहे थे. लेकिन आज यह 8.55 रुपये गिरकर 162.60 रुपये पर आ गया. अदानी ट्रांसमिशन 41.50 रुपये की गिरावट के साथ 788.75 रुपये पर बंद हुआ. अडानी टोटल गैस के शेयरों में 24 जनवरी के बाद सबसे ज्यादा गिरावट आई है. यह 3 जनवरी को 52 हफ्ते के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था, लेकिन पिछले कई दिनों से लगातार लोअर सर्किट को छू रहा है. बुधवार को यह एक बार फिर 5% गिरकर 43.90 रुपए पर 834.95 रुपए पर आ गया. 24 जनवरी के बाद से इसमें करीब 80% की कमी आई है.

# एनीडेस्क डाउनलोड करते ही ढाई ...

पृष्ठ 8 से जारी-आर्डर करना इस बुजुर्ग को काफी महंगा पड़ा.

**ऑनलाइन फ्रॉड से रहे सावधान** - किसी भी अज्ञात मोबाइल धारक द्वारा ऐप डाउनलोड करने के लिए कहने पर सावधान हो जाइए. क्योंकि ऐसे ऐप आ गये है कि इसे डाउनलोड करते ही आपका पूरा मोबाइल हैक हो जाता है. जिससे मोबाइल का संपूर्ण डेटा इस ऐप के माध्यम से हैकर के पास पहुंच जाता है. इसलिए किसी भी अज्ञात मोबाइल धारक पर विश्वास ना करें. इस संदर्भ में किसी भी तरह का शक होने पर तुरंत अमरावती पुलिस आयुक्तालय के कंट्रोल रूम 0721-2551000 पर संपर्क करें. अथवा आयुक्तालय के साइबर पुलिस थाने में लिखित शिकायत करें.

-साइबर पुलिस